भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †558
सोमवार, 6 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

‘हील इन इंडिया’ कार्यक्रम

†558. प्रो. अच्युतानंद सामंतः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का भारत की वैश्विक छवि बनाने के लिए ‘हील इन इंडिया’ कार्यक्रम शुरू करने का विचार है ताकि देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का अस्पतालों, उपचार, प्रक्रियाओं, आवास, उपचार की कीमतों आदि के बारे में सभी सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म विकसित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार के इस कदम से विदेशियों को चिकित्सा पर्यटन के लिए किस सीमा तक आकर्षित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ङ): जी, हां। भारत सरकार हील इन इंडिया पहल के माध्यम से चिकित्सा पर्यटन को संस्थागत रूप देकर दुनिया को बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एक सक्षम तंत्र बनाने पर कार्य कर रही है। इस पहल का उद्देश्य इस अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करना और भारत को चिकित्सा और निरोगता पर्यटन के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में प्रदर्शित करना है।

जैसा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अवगत कराया गया है, "हील इन इंडिया" पहल का उद्देश्य भारत में चिकित्सा महत्व की यात्रा के विकास को गति प्रदान करना और विश्व स्तरीय देखभाल और उपचार, व्यापक नेटवर्क के मामले में भारत की प्रतिस्पर्धी शक्ति और लाभों को बढ़ावा देना है। देश भर में पारंपरिक और आधुनिक चिकित्सा

बुनियादी संरचना, आधुनिक और पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में स्वास्थ्य पेशेवरों का सबसे बड़ा पूल और आयुष की अनूठी पेशकश है।

यह पहल गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भारत को एक "पसंद के गंतव्य" के रूप में बढ़ावा देकर भारत में "एकीकृत और समग्र उपचार" के लिए दुनिया को आमंत्रित करना चाहती है। "हील इन इंडिया" कार्यक्रम भारतीय पर्यटन और आतिथ्य उद्योग को बेहद आवश्यक प्रोत्साहन और भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करने के दोहरे उद्देश्य को पूरा कर सकेगा।

साथ ही इस पहल में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) पारिस्थितिकी तंत्र में सभी प्रासंगिक हितधारकों को एकीकृत करते हुए, चिकित्सा महत्व की यात्रा के लिए 'वन-स्टॉप डिजिटल पोर्टल' बनाने पर भी काम कर रहा है।

*****